# पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

( छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित )

कोनी–बिरकोना मार्ग ,बिलासपुर (छ.ग.) 495009

दूरभाष क्रमांक : (07752) 240752,240712

www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in


क्र 342...../ पौ.मै.छा.शा./ 2022 बिलासपुर, दिनांक 07/10/2022

प्रति,

..............................................

..............................................

..............................................

विषयः– **सत्र जनवरी–दिसम्बर 2022 एवं सत्र जुलाई –जून 2022–23 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन के विषय में।**

——— 000 ———

उपरोक्त विषय के अनुक्रम एवं संदर्भित पत्र के परिपालन हेतु विश्वविद्यालय के समस्त क्षेत्रीय, उपक्षेत्रीय केंद्र एवं उनके अधीनस्थ अध्ययन केन्द्रों को सूचित किया जाता है कि सत्र जनवरी–दिसम्बर 2022 एवं सत्र जुलाई–जून 2022–23 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही नवीन वेबसाइट **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** पर ऑनलाइन की जा रही है।

आवेदन करने एवं संस्था स्तर पर उक्त प्रकरणों से संबंधित प्रक्रियाओं हेतु निम्नानुसार अंतिम तिथियाँ निर्धारित की गई है–

| क्र. | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) | दिनांक 16/08/2022 से दिनांक 25/10/2022 तक |

<u>सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार से लिंक बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करे। उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि 25/10/2022 तक ऑनलाइन आवेदन करें एवं दिनांक 26/10/2022 तक आवेदन की हार्डकॉपी, आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं उपस्थित होकर विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करें। (अवकाश दिवस को छोडकर, कार्यालीन समय पर)</u>

उक्त अंतिम तिथि के पश्चात् यदि संबधित विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जावेगी तो ऐसे आवेदनों को प्रोसेस नहीं किये जायेंगे जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

**संल्गन :– छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक दस्तावेज एंव सूची।**

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्र. 343 / पौ.मै.छा.शा. / 2022 बिलासपुर, दिनांक 07 / 10 / 2022

प्रतिलिपि–

1. कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय समन्वयक, बिलासपुर, रायपुर, अम्बिकापुर, जशपुर,जगदलपुर, दुर्ग, उप क्षेत्रीय केन्द्र कांकेर को सूचनार्थ।
3. परीक्षा विभाग को सूचनार्थ।
4. विभाग प्रमुख वेबसेल को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सूचना पत्र को विश्वविद्यालय की वेब साईट में अपलोड करें।

क्षेत्रीय समन्वयक
क्षेत्रीय सेवा प्रभाग

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
1कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर छ.ग. पिन नं.– 495005,
Email – registrar@pssou.ac.in, Website – www.pssou.ac.in
फोन : 07752–210312,210307,210308,210309, फैक्सः 07752–213073

## विश्वविद्यालय में चल रहें POST Matric ST/SC Scholarship -2022-23 संबंधी आवश्यक निर्देशः–

- सत्र जनवरी–दिसम्बर 2022 एवं सत्र जुलाई–जून 2022–23 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन, स्वीकृति एवं विवरण कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ नवीन वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।
- छात्र इंस्टीट्यूट में PT. SUNDAR LAL SHARMA OPEN UNIVERSITY,BILASPUR (INSTITUTE ID -13750017) का चयन करे |
- **Institute Id** : 13750017
- **Admission Type*** : Merit Basis
- **Mode of Study *** : Distance /Correspondance Learning
- **Hosteller or Day Scholar *** : Day Scholar
का चयन करे |
- सत्र 2022-23 के छात्र एनरोलमेंट नंबर के स्थान पर स्टूडेंट आई डी. का उपयोग करे |
- सत्र जनवरी –दिसम्बर 2022 के छात्र एडमिशन डेट में 01 जुलाई 2022 का उपयोग करे
- ऑनलाइन फॉर्म लॉक करने के पश्चात उसका प्रिंट आउट लेकर उसके साथ सभी आवश्यक दस्तावेज सहित छात्रवृति प्रकोष्ट विश्वविद्यालय मुख्यालय बिलासपुर में जमा करना अनिवार्य है |

<u>आवश्यक दस्तावेज</u>

1. छात्रवृत्ति ऑनलाइन लॉक की गई आवेदन की स्वप्रमाणित प्रति |
2. विश्वविद्यालय में प्रवेश के आवेदन एवं चालान की स्वप्रमाणित प्रति |
3. 10 वी, 12 वी ,स्नातक ,स्नातकोत्तर एवं पूर्व वर्षो में उत्तीण की गई परीक्षा की अंकसूचीयो की स्वप्रमाणि छाया प्रति |
4. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी स्थायी जाति,निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति |
5. ऐसे सारे आवेदनकर्ता जिनके पालक शासकीय / अशासकीय सेवा में कार्यरत है उनके आय प्रमाण पत्र नियोक्ता द्वारा जारी होना चाहिए | शासकीय सेवारत की स्थिती में फॉर्म 16 संलग्न करे |
6. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी चालू वित्तीय वर्ष का समस्त स्त्रोतों से परिवार की वार्षिक अधिकतम आय रु. 2.50 लाख तक की आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति जिसमे हितग्राही आवेदक का नाम स्पष्ट अंकित हो |
7. आय प्रमाण पत्र वर्तमान का बना हुआ मूल प्रति सील व हस्ताक्षर किया हुआ होना अनिवार्य है |
8. <u>सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार से लिंक बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करे।</u>
9. आवेदक के स्वयं की बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ (जिसमे आवेदक का नाम , खाता क्रमांक एवं बैंक IFSC कोड का स्पष्ट उल्लेख हो ) की स्वप्रमाणि छाया प्रति |
10. आवेदक का आधार कार्ड की स्वप्रमाणि छाया प्रति |
11. शपथ पत्र नोटरी द्वारा सील व हस्ताक्षर किया हुआ होना अनिवार्य है |

उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन की हार्डकॉपी, आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं उपस्थित होकर विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करें। उक्त अंतिम तिथि के पश्चात् यदि संबधित विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जावेगी तो ऐसे आवेदनों को प्रोसेस नहीं किये जायेंगे जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

- अधिक जानकारी के लिए

  <u>https://www.pssou.ac.in/index?page=about&about_id=SCHOLORSHIP</u>

  छात्रवृत्ति अधिसूचना का अवलोकन करना चाहे |

# कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)

☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558

Email Id - pmscstobc@gmail.com


क्रमांक / आ.जा.पा.म.छा. / 131 / 2022–23 / 6798 नवा रायपुर, दिनांक 30/09/2022

## : : सूचना प्रकाशन : :

## वर्ष 2022–23 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी. आई. आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् **अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग** के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2022–23** हेतु **ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर)** के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। छ0ग0 राज्य में संचालित कुछ पाठ्यक्रमों की महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश विलम्ब से प्रारंभ होने तथा परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने के फलस्वरूप तिथि में वृद्धि की जा रही है।

जिसके अंतर्गत संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2022–23 हेतु निम्नानुसार तिथि में वृद्धि की जा रही है :–

| क्र. | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन/ नवीनीकरण) | दिनांक 01.10.2022 से दिनांक 25.10.2022 तक |
| 2 | Draft Proposal Lock करने हेतु | दिनांक 01.10.2022 से दिनांक 31.10.2022 तक |
| 3 | Sanction Order Lock करने हेतु | दिनांक 01.10.2022 से दिनांक 10.11.2022 तक |

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2022–23 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेंगे एवं Draft Proposal Lock, Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जावेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो **इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार** होंगे।

नोट :–

1. इस कार्यालय के पूर्व में जारी विज्ञापन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को National Scholarship Portal पर पंजीयन करने हेतु निर्देशित किया गया था। भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली के नये निर्देशानुसार अनुसूचित जाति वर्ग के सभी विद्यार्थियों को केवल राज्य पोर्टल पर ही आवेदन किया जाना है। पूर्व में जिन विद्यार्थियों द्वारा National Scholarship Portal पर आवेदन किया जा चुका है उन विद्यार्थियों को भी पुनः राज्य पोर्टल पर आवेदन किया जाना है।
2. वर्ष 2021–22 से छात्रवृत्ति का भुगतान PFMS के माध्यम से किया जा रहा है। PFMS द्वारा आधार आधारित भुगतान की जा रही है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार से लिंक **बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि** करना सुनिश्चित करें।

आयुक्त

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

नवा रायपुर, छ0ग0